# बोधि फाउंडेशन, सूरतगढ़

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु छात्रवृत्ति (केवल छात्रा)

क्रमांक : बोधि / सूरतगढ़ / 2025–26 / 272 दिनांक : 14.07.2025

## Revised / संशोधित

## विज्ञप्ति (केवल महिला छात्रवृत्ति)

सूरतगढ़ में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद छात्राओं को मासिक छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु** सत्र 2025–26 के लिए इस विज्ञप्ति के अध्याधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

**(क) पात्रताएं :–**

1. सूरतगढ़ (जिला – श्रीगंगानगर) में रहकर किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य हेतु ही आवेदन करें।
2. अभ्यर्थी राजस्थान का मूल निवासी हो।
3. अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम् स्नातक पूर्ण हो अथवा जिस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है, उससे सम्बन्धित डिप्लोमा अथवा डिग्री पूर्ण हो अथवा अभ्यर्थी ऐसी प्रतियोगी परीक्षा में आवेदन करने की योग्यता रखता हो।

**(ख) आवेदन–प्रक्रिया एवं अंतिम तिथि :–**

1. आवेदन बोधि फाउंडेशन की वेबसाइट https://bodhifoundationraj.org/ पर ऑनलाईन ही स्वीकार किये जा सकेंगे।
2. वांछित सभी दस्तावेजों की मूल प्रति चयन हेतु गठित साक्षात्कार बोर्ड के सामने प्रस्तुत करनी होंगी।
3. आवेदन **10 जुलाई से 25 जुलाई 2025 (रात्रि 12:00 बजे तक)** किये जा सकेंगे, इस तिथि के पश्चात लिंक स्वतः ही निष्क्रिय हो जायेगा।
4. छात्रवृत्ति हेतु **साक्षात्कार 27 जुलाई, 2025 (रविवार) को बोधि रेजीडेंट्स, सनसिटी, सूरतगढ पी.जी कॉलेज के सामने, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–62, सूरतगढ, जिला–श्रीगंगानगर समय सुबह 08:30** पर आयोजित किया जाएगा। जिसकी पृथक से व्यक्तिगत सूचना किसी भी अभ्यर्थी को नहीं दी जाएगी। साक्षात्कार सम्बन्धी किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना बोधि फाउंडेशन की वेबसाइट https://bodhifoundationraj.org/ पर अपलोड की जाएगी। अतः अभ्यर्थियों को उक्त वेबसाइट नियमित विजिट करने की सलाह दी जाती है।

**(ग) चयन–प्रक्रिया :–**

1. उक्त छात्रवृत्ति हेतु चयन एक 'साक्षात्कार एवं चयन बोर्ड' द्वारा किया जायेगा।
2. चयन सम्बन्धी किसी भी अंतिम निर्णय के लिए बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति (बोधि फाउंडेशन) अधिकृत रहेगी।

**(घ) छात्रवृत्ति (चयन उपरांत):–**

1. अभ्यर्थी का अंतिम चयन होने पर छात्रवृत्ति आरम्भ करने के समय 50 रूपये का नॉन ज्यूडिशियल शपथ पत्र देना होगा जिसमें आवेदन–पत्र में प्रस्तुत किसी भी तथ्य के मिथ्या नहीं होने एवं फाउंडेशन के नियमावली के अनुरूप होने का उल्लेख हो। (प्रारूप कार्यालय में उपलब्ध है)
2. अभ्यर्थी जिस कॉचिंग संस्थान से तैयारी कर रही है, इसमें प्रवेश का प्रमाण / नियमित टेस्टों में प्राप्तांकों की सूचना प्रबंधन से साझा करना होगा।

**(ङ) छात्रवृत्ति निरस्त किया जाना :–**

1. अभ्यर्थी को आवेदन करने से पूर्व बोधि फाउंडेशन द्वारा निर्धारित नियमावली / विज्ञप्ति का भलीभांति अध्ययन कर लेना चाहिए। उक्त नियमावली को छात्रवृत्ति आरम्भ करने से पूर्व हस्ताक्षरित करके प्रबंधक, बोधि फाउंडेशन को जमा करवाना होगा।
2. चूंकि बोधि फाउंडेशन जरूरतमंद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके अध्ययन के लिए सहयोग करता है, ऐसे में इस छात्रवृत्ति हेतु चयनित करवाने के लिए किसी भी अभ्यर्थी द्वारा करवाई गई किसी भी प्रकार की सिफारिश की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को चयन की प्रक्रिया से ही वंचित किया जा सकता है।
3. किसी गलत तथ्य के आधार पर चयनित होने वाले अभ्यर्थी से बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति (बोधि फाउंडेशन) द्वारा अभ्यर्थी को दी गई छात्रवृत्ति राशि का पुर्नभरण करवाया जा सकेगा।
4. इस छात्रवृत्ति में चयनित किसी अभ्यर्थी की छात्रवृत्ति को निम्न में से ऐसे किसी कारण से बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति (बोधि फाउंडेशन) द्वारा किसी भी स्तर पर रोका जा सकता है–

1. अभ्यर्थी के घर पर बोधि फाउंडेशन टीम द्वारा भौतिक सत्यापन के दौरान आवेदन पत्र से भिन्न तथ्य पाये जाने अथवा अभ्यर्थी के जरूरतमंद नहीं होने की स्थिति पाये जाने पर।
2. प्रतियोगी परीक्षा, जिसकी तैयारी के लिए छात्रवृति देय है, के किसी भी कोंचिग अथवा टेस्ट सिरीज, जिसका ब्यौरा अभ्यर्थी आरम्भ में प्रस्तुत करता है, में लगातार न्यून प्रगति होना।
3. सूरतगढ़ की बजाय अन्य जगह पर अध्ययन के लिए चले जाना।
4. समय बद्ध रूप से प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध न करवाना।
5. सम्बन्धित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी बीच में छोड़ देने अथवा बिना अनुमति तैयारी का लक्ष्य परिवर्तित कर लेने पर।
6. पारिवारिक आर्थिक सबलता प्राप्त होना।
7. नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने।
8. बोधि फाउंडेशन के निर्देशों एवं नियमावली की अवहेलना करने पर।
9. निवास स्थान अथवा शिक्षण संस्थान/कोंचिग आदि में अनुशासनहीनता, संज्ञान में आने पर।
10. छात्रवृत्ति अवधि पूर्ण होने पर/जिस प्रतियोगी परीक्षा के लिए आवेदन किया गया है, उसकी परीक्षा सम्पन्न होने पर।
11. ऐसे कारण जिसे बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति आवश्यक समझे, बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति (बोधि फाउंडेशन) द्वारा इस छात्रवृत्ति को समय पूर्व बंद किया जा सकता है।

**(च)बोधि फाउंडेशन द्वारा देय सुविधायें :–**

1. चयनित छात्राओं का सूरतगढ़ में रहकर कम्पीटीशन की तैयारी करने के लिए प्रति माह प्रति छात्रा 3500/– (अक्षरे तीन हजार पांच सौ रूपये) छात्रवृत्ति देय होगी। छात्रा अपनी स्वेच्छा से मकान किराया लेकर अथवा किसी निजी पीजी/छात्रावास में प्रवेश लेकर रह सकती है, जिसका उचित प्रमाण उसे फाउंडेशन को जमा करवाना होगा तथा समय–समय पर मांगे जाने अथवा परिवर्तन की स्थिति में प्रस्तुत करना होगा।
2. उक्त छात्रवृत्ति 30 मई, 2026 या प्रतियोगिता परीक्षा (जो भी पहले हो) तक के लिए देय होगी। संतोषप्रद प्रगति होने पर अभ्यर्थी के प्रार्थना–पत्र पर इसे बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति (बोधि फाउंडेशन) द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

**(छ) सम्पर्क :–**

1. किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए कार्यालय नम्बर 01509294967, बोधि फाउंडेशन व्हासटएप **9166125522,** जीमेल आईडी bodhiresidents@gmail.com अथवा बोधि फाउंडेशन की वेबसाइट https://bodhifoundationraj.org/ से संपर्क किया जा सकता है।

प्रभारी
बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश–समिति

वेबसाइट के लिए QR Code स्कैन करें |